

पेज. 4 नीमच की तैराकी टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 85


# मालवा फर्स्ट
MALWA FIRST

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

Periodicity- Weekly

RNI NO. MPHIN38290 (TC)
संपादक : ऐश्वर्य शर्मा ( पवन )
नीमच, बुधवार
19 जुन 2024
वर्ष 02, अंक 12, - मूल्य 02 रूपए
E-mail: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866


Commodity: Gold 71,800 Silver 92,944 Crude Oil 6,508 Natural Gas 255.40 Aluminium228.60 Copper 864.15

**खास खबर**

### मिशन बैंचमार्क के तहत शाला में फर्नीचर का अवलोकन

**नीमच।** कलेक्टर दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, डीपीसी सुश्री किरण आंजना एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.के.शर्मा ने मिशन बैंचमार्क के तहत जिले की शासकीय शालाओं में जनसहयोग से उपलब्ध करवाए गये फर्नीचर का अवलोकन किया। कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ गिरदौडा के मीडिल स्कूल में जनसहयोग के उपलब्ध करवाएं गये फर्नीचर का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से फर्नीचर से हो रही सुविधा के बारे में चर्चा कर जानकारी ली। फर्नीचर पर बैठकर पढाई करते छात्र-छात्राएं काफी खुश नजर आ रहे थे ।

### कल्याण कमलमय समर्थक समिति ने मनाई महारानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि

**नीमच।** महारानी लक्ष्मी बाई भारत के पहले स्वतंत्र संग्राम के समय में एक बहादुर वीरांगना थी जिन्होंने देश हित में आखरी दम तक अंग्रेजों से लड़ाई की थी जिनकी पुण्यतिथि पर आज कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वालेंटियर भाजपा) के द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नीमच सिटी में रानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर शा.क.उ.मा. विद्यालय की अध्यापिका मातृशक्तियों की उपस्थिति में उनकी पुण्यतिथिमनाई गई !

इस अवसर पर कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वालिंटियर भाजपा) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर जायसवार, जिला अध्यक्ष दुर्गा शंकर दंशाना (पार्षद वार्ड नंबर 08), महामंत्री समरथ राठौर, अनुसूचित जाति मंडल अध्यक्ष मोहन यादव , हिंदू जागरण मंच के जिला कार्यकारणी सदस्य रोहित नरवले,परिवेश वेद, विजय तिवारी व रंजना यादव,वशु चोहान, बिना दुबे,समता गहलौत,सुमन साकी, इंदिरा सुमन सेन, मोहन देवी जांगड़े, शिक्षा शर्मा,नीता व्यास, दीपिका शर्मा आदि मातृशक्ति उपस्थिति रही!

SAVE WATER
SAVE TREE

## नयागांव पुलिस को मिली सफलता

# 4 करोड़ 50 लाख कीमती 44 क्विंटल से अधिक अवैध डोडाचूरा सहित ट्रक जप्त, 2 आरोपी गिफ्तार




**नयागाँव।** पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन संतोष कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक रतलाम रेंज मनोज कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के कुशल निर्देशन में नीमच जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया एवं प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद सुश्री वैशाली सिंह तथा थाना प्रभारी जावद निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा के मार्गदर्शन एवं चौकी नयागांव प्रभारी सउनि रामपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस चौकी नयागांव द्वारा ट्रक में भारी मात्रा में परिवहन किया जा रहा 04 करोड़ 50 लाख रूपये किमती 44 क्विंटल 15 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जप्त कर 02 तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस चौकी नयागांव को दिनांक 16.06.2024 को नीमच निम्बाहेडा हाईवे फोरलेन सीसीआई चौराहा नयागाँव पर ट्रक के माध्यम से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा के परिवहन के संबंध में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई।

जिस पर दिनांक 16.06.2024 की शाम पुलिस टीम द्वारा नीमच निम्बाहेडा हाईवे फोरलेन सीसीआई चौराहा नयागांव पर नाकाबंदी कर नीमच से पंजाब तरफ जाने वाले ट्रक क्र. पीबी-10-डीजेड-4860 को हमराह फोर्स की मदद से रोका जाकर ट्रक को चैक करते काले व सफेद रंग के 211 कट्टों (39 कट्टे सीपीएस पद्धति वाला डोडाचूरा) में कुल 44 क्विंटल 15 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा को एनडीपीएस एक्ट के अज्ञापक प्रावधानों का पालन करते हुए।

1. सिमरन जीतसिंह उफ अर्शदीपसिंह पिता बलजिन्दरसिंह उम्र 23 वर्ष जाति जाट सिख निवासी ग्राम ठठीखारा तहसील जिला तरणतारण (पंजाब),
2. गुरूसेवक सिंह पिता प्रतापसिंह उम्र 29 वर्ष जाति जाट सिख निवासी ग्राम ठठिया माहंता तहसील जिला तरणतारण (पंजाब) के कब्जे से जप्त कर मौके से दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन चालक व उसके साथी के विरूद्ध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

प्रकरण में आरोपियो से डोडाचुरा के स्त्रोतों एवं अन्य आरोपीगणों के संबंध में पूछताछ व अनुसंधान जारी है।

जप्त मनुका 44 क्विटल 15 किलोग्राम अवैध डोडाचुरा एवं टाटा ट्रक किमती लगभग 04 करोड़ 50 लाख रूपये उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी नयागांव सउनि रामपाल सिंह एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा ।

# 37.84 लाख लागत से बनकर तैयार गौशाला कर रही फीता काटने का इंतजार

**सिंगोली।** जिलेभर में सड़कों से लेकर खेतों तक खुले में घूमते गोवंश लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं वहीं 37.84 लाख की लागत से सिंगोली से 3 किलोमीटर दूर पटियाल पंचायत के रघुनाथपुरा में श्री नंदीश्वर गौशाला बीते तीन वर्षो से बनकर तैयार है जो शायद माननीय द्वारा उद्घाटन न किए जाने के कारण अभी वह शुरू नहीं हो सकी है जबकि पंचायत अधिकारी शुरू न किए जाने का कारण कुछ तकनीकी कमी बता रहे हैं।इस गौशाला में करीब 300 गोवंश रखने की क्षमता है अगर इस गौशाला का शुभारंभ हो जाये तो खुले में घूम रहे बेसहारा गौवंश का आश्रय स्थल बन सकता है।

हालांकि इसके अलावा भी जिले में कई गौशालाएं है लेकिन इनमें से अधिकांश गोशालाओं में क्षमता के अनुसार गौवंश पूरे हैं।ऐसे में बहुत से गोवंश सिंगोली नगर परिषद क्षैत्र व आसपास के क्षैत्र में सड़कों पर बाजारो में खुले धूम रहे हैं जिनसे कई एक्सीडेंट और गंभीर दुर्घटनाएँ आमजन के साथ हो चुकी है इसको ध्यान में रखते हुए क्षैत्रवासियों की मांग पर गौवंश की इस जनसमस्या को जनप्रतिनिधियों द्वारा गंभीरता से लेकर पहल करने से शासन द्वारा 37.84 लाख रुपये से यह वृह्द गोशाला बनाई थी जहाँ पर कम से कम 300 गौवंशों को एक साथ रखा जा सकता है।यह नंदीश्वर गौशाला करीब 3 वर्ष पहले घास गौदाम,पानी के लिए कुआँ व पशुओं के पीने के पानी के खेल,खाने के लिये भूसा डालने के गलियारे,रंग रोगन आदि संसाधनों से बनकर तैयार हो चुकी है।

इसके बावजूद इसका शुभारंभ नहीं हो पाया है। इसकी शुरूआत न होने के पीछे अलग-अलग वजह बताई जा रही हैं।एक ओर जहाँ अधिकारी कुछ कमियां बता रहे हैं तो वहीं गौशाला का उद्घाटन अधिकारी से कराया जाए या फिर किसी राजनेता से,यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है तो वहीं इस गौशाला के चारों तरफ की बाउन्ड्रीवाल नहीं होना भी एक सबसे प्रमुख कारण है जिसको पूरा करने की मांग क्षैत्रवासियों ने जनप्रतिनिधियों से की है ताकि बाजारों में खुले में घूमने वाले बेसहारा गौवंश को उनका आश्रय स्थल मिले व आमजन के साथ हो रही दुर्घटना की परेशानी भी कम हो।

इस बाबत् सरपंच प्रतिनिधि जीतमल धाकड़ ने बताया कि गौशाला में पर्याप्त पीने का पानी,लाइट कनेक्शन,बाउन्ड्रीवाल नहीं है इनकी पूर्ति कर जल्द ही गौशाला का शुभारंभ का प्रयास किया जायेगा।

पूर्व उपसरपंच विक्रमसिंह चुण्डावत ने बताया कि गौशाला का कार्य 3 वर्ष पहले पूर्ण हो चुका है केवल बाउन्ड्रीवाल करना शेष है जिसे करवाकर गौशाला का शुभारंभ कर देना चाहिए।

# कृषि भूमि पर आने जाने के आम रास्तों, शासकीय जमीनों से अवैध अतिक्रमण हटवाएं-श्री जैन

**कलेक्टर ने की जनसुनवाई- 117 आवेदकों की सुनी समस्याएं**



**नीमच।** कृषि भूमि पर आने जाने के आम रास्तो, शासकीय जमीनों से अवैध अतिक्रमण तत्काल हटवाएं। राजस्व अधिकारी रास्ता विवादों का निराकरण प्राथमिकता से करे। यह निर्देश कलेक्टर दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में जनसुनवाई करते हुए दिए। जनसुनवाई में दारू निवासी नंदलाल सालवी ने अपनी कृषि भूमि पर आने जाने के रास्ते पर से अवैध अतिक्रमण हटवाने संबंधी आवेदन पर कलेक्टर श्री जैन ने कार्यवाही करते हुए एसडीएम नीमच को उक्त निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे ।

जनसुनवाई में 117 आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में कलेक्टर ने मनासा के मुलचंद मीणाके आवेदन पर उसके पुत्रों के विरूद्ध भरण पोषण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करने के निर्देश एसडीएम मनासा को दिए। अठाना की कमलाबाई के आवेदन पर कलेक्टर ने एसडीएम जावद को राजस्व प्रकरण दर्ज कर पटवारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने तथा अनावेदक चंदा बाई एवं चमन औड को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ग्राम भांडिया के रामचंद्र पुजारी, सुवाखेडा की चंचल यादव, ग्राम बामनिया की मनोहरी बाई नायक, जगेपुर के बद्रीलाल मीणा, गांधी नगर नीमच की उषा वैष्णोई, झालरी के लक्खा गुर्जर, जावद के मोहनलाल पंवार, विष्णोदेवी नगर नीमच के शिवराम पाटीदार, बरूखेडा के ताराचंद, दांता की सुरजबाई, खेडा बांगरेड के बंटी चंदेल, बोरखेडी के लालसिह, कलेपुर के शैलेन्द्र सिह, छायन के महेन्द्र सिह, जीरन की पूजा बैरागी, जावी के पंकज पाटीदार, बलवंत पाटीदार, बराडा के प्रहलादसिह, सिंगोली के ब्रदीलाल कुमावत, चचौर के जगदीश गुप्ता, रामपुरा के मुकेश गौडआदि ने भी जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपने आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याएं सुनाई।

# पीएम किसान सम्मान निधि किसानों का सबसे बडा सम्बल है- श्री परिहार



**जिले के एक लाख किसानों को 20 करोड से अधिक की राशि अंतरित**

**नीमच में पी.एम.किसान उत्सव दिवस मनाया गया**

**नीमच।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वर्ष में कुल रुपये 6000/- की राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किश्त वितरण का कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व्दारा मंगलवार द्वारा 18 जून 2024 को वाराणसी, उत्तरप्रदेश राज्य से किया गया। 17वीं किश्त वितरण दिवस को पीएमकिसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया गया ।

नीमच तहसील कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय पी.एम.किसान उत्सव दिवस समारोह विधायक दिलीप सिह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिह चौहान, कलेक्टर दिनेश जैन, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रीति संघवी, मेहरसिह जाट, दीपक नागदाव अन्य जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिला विकासखण्ड स्तर एवं पंचायत स्तर पर पी.एम.किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। जिसमें उपस्थिजनों, जनप्रतिनिधियों और किसानों ने प्रधानमंत्री जी के उदबोधन का सीधा प्रसारण देखा व सुना।

मुख्य अतिथि विधायक श्री परिहार एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री चौहान ने प्रतीक स्वरूप 10 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किश्त वितरण के प्रमाण पत्र प्रदान किए। समारोह में जिले के एक लाख से अधिक किसानों को लगभग 20 करोड से अधिक की पी.एम.किसान सम्मान निधि की राशि किश्त के रूप में अंतरित की गई है ।

कार्यक्रम को विधायक श्री परिहार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि किसानों का सबसे बडा सम्बल है। किसानों को हर तरह का लाभ देने का काम सरकार कर रही है। बिजली, खाद, सोलर ऊर्जा, सहित उन्नत कृषि तकनीक के माध्यम से किसानों की आमदनी बढाने का हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है।

कलेक्टर दिनेश जैन ने कहा कि देश के 9 करोड किसानों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। इस बार नीमच जिल में लगभग एक लाख किसानों को 20 करोड से अधिक की राशि अंतरित की जा रही है। नीमच जिले के किसान भी कृषि में नवाचार करते रहे है। नीमच जिला कृषि में नवाचार के लिए जाना जाता है।

# अभिभावक एवं शिक्षकगण विद्यार्थियों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दे- श्री जैन

**कलेक्टर ने गिरदौडा में विद्यार्थियों का स्वागत कर पाठ्य पुस्तके वितरित की**



**नीमच।** जिले के सभी अभिभावक एवं शिक्षकगण शाला में दर्ज विद्यार्थियों की उपस्थिति बढाने पर विशेष ध्यान दे। यह सुनिश्चित करें, कि सभी विद्यार्थी नियमित रूप से स्कूल में उपस्थित होकर पढाई करें। यह बात कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने स्कूल चले हम अभियान के तहत मा.वि.गिरदौडा में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही।

प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कलेक्टर दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, डीपीसी सुश्री किरण आंजना ने कक्षा पहली एवं छटवीं में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को पुष्प हार पहनाकर, तिलक लगाकर स्वागत किया और उन्हें पाठ्य पुस्तके वितरित की। कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि छोटे बच्चों में सीखने की प्रवृत्ति ज्यादा तेज होती है। सभी विद्यार्थी स्कूल में नियमित रूप से आए और पढाई करें। शिक्षकगण भी अभिभावकों से संपर्क कर, विद्यार्थियों की शाला में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के 36 शासकीय स्कूलों में इस साल से प्री प्रायमेरी कक्षाएं प्रारंभ हो रही है। इन विद्यालयों में छोटे बच्चों की नर्सरी, के.जी.कक्षाए संचालित होगी। छोटे बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दी जाएगी। उन्होने कहा, कि जनसहयोग से सभी शालाओं में विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर उपलब्ध करवाया गया है। अब सभी बच्चें फर्नीचर पर बैठकर अध्यापन कर सकेंगे। कलेक्टर ने अभिभावकों से कहा कि बच्चे खेलकूद के साथ पढाई भी करें और जो होमवर्क उन्हें दिया जाता है, वह होमवर्क भी करें।

जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने कहा कि स्कूल 18 जून से प्रारंभ हो रहे है। इसका आशय है, कि बच्चों को 18 जून से नियमित रूप से स्कूल आना है। सभी बच्चे नियमित रूप से स्कूल आए, पढाई करे, शिक्षकगण पर भी इस पर विशेष ध्यान दे। प्रारंभ में कलेक्टर श्री जैन एवं अतिथियों ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बीआरसी श्री योगेश कंडारा , प्रधानाध्यक्ष श्री भेरूलालतंवर, शिक्षक श्रीमती राजमणी शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि श्री नाथूलाल माली, श्री सुनील कुमार, जनपद सदस्य श्री बंटी यादवने अतिथियों का स्वागत किया और साफा भेंट किया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.के.शर्मा, डी.पी.सी.सुश्री किरण आंजना, अभिभावकगण, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

# दिव्यांग और वृद्धजन सुरक्षा पेंशन 1500 रु करने की मांग

**दिव्यांग ज्योति सेवा संस्थान ने सोपा ज्ञापन**




**नीमच।** सरकार के घोषणा पत्र वादे अनुसार सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिव्यांगजन और वृद्ध जनों को 1500 रु लागू करने की मांग को लेकर मंगलवार को दिव्यांग ज्योति सेवा संस्थान ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि को सौपा, जिसमें बताया गया कि सरकार ने विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में दिव्यांग जनों और वृद्ध जनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन 600 रु से बढ़कर 1500 रु प्रति माह करने का वादा किया था दिव्यांग जनों और वृद्धजनों को सरकार बनते ही 1500 रु प्रति माह देने का वादा निभाना था लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि सरकार बने आज 7 माह बीत जाने के बाद भी दिव्यांग जनों और वृद्धजनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन 600 रु से बढ़कर 1500 रु का लाभ अब तक नहीं दिया गया है जिसको लेकर दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों में निराशा का माहौल है दिए गए ज्ञापन में मांग की है कि उपरोक्त वादे अनुसार वृद्ध जनों एवं दिव्यांगजनों की पेंशन 1500 रु की जाए साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि 20 जुलाई तक शासन प्रशासन के द्वारा पेंशन बढ़ाने की घोषणा नहीं की जाती है तो दिव्यांग जनों द्वारा 30 जुलाई को भोपाल मुख्यमंत्री निवास पर धरना प्रदर्शन कर थाली बजाकर प्रदर्शन किया जाएगा।

# शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया शारीरिक शोषण, युवती ने जहरीला पदार्थ खा कर दी जान



**नीमच।** सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम नेवड में सोमवार को एक युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसकी निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई है।मामले में मृतिका के परिजनों ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण के आरोप लगा ते हुवे दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार नीमच सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम नेवड में भारती चौहान नामक युवती ने सोमवार को जहरीला पदार्थ गटक लिया था जिसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे नीमच जिला चिकित्सालय लाए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए कनावटी के समीप स्थित निजी चिकित्सालय में रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है जिसके बाद रात्रि में ही परिजन सिटी थाने पर पहुंचे और दोषी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।वही मृतिका के शव का मंगलवार की सुबह जिला चिकित्सालय में सिटी पुलिस ने शव परीक्षण करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया है मामले में मृतिका की मां नीतू चौहान ने मीडिया को जानकारी देते हुवे बताया है कि उसकी पुत्री भारती चौहान नीमच में पढ़ाई करती थी इसी दौरान उसकी दोस्ती किसी नईम खान नामक युवक से हो गई।

जिसने शादी का झांसा देकर बालिका का शारीरिक शोषण किया और उसको प्रेग्नेंट कर दिया।जिसके 2 साल की बालिका भी है।जब नईम खान को शादी करने के लिए बोला तो वह टालता रहा। नईम 2 साल से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण कर रहा था। सोमवार को जब उसकी पुत्री ने शादी के संबंध में बात करने के लिए उसे नेवड़ बुलाया और शादी कर रखने के लिए बोला तो निइम विवाद करने लगा।ओर वहां से चला गया,जिसके बाद युवती ने अपनी माँ को कहा कि मैंने जहर की गोलियां खा ली मृतिका की मां ने आरोप लगाया कि नईम खान ने ही उसकी पुत्री को जहरीला पदार्थ दिया है जिसके चलते उसकी मौत हुई है।

मृतका की मां ने दोषी पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। बता दे की मृतका की 2 साल की एक लड़की भी हैं।इस मामले को लवजिहाद से भी जोड़ा जा रहा है।हालांकि इस मामले में पुलिस की ओर से कोई अधिकृत जानकारी नही मिल पाई है उक्त मामले में सिटी पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू की है।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# डिफेंस सेक्टर का ये स्टॉक मचा रहा धूम, एक महीने में दे चुका है 60 प्रतिशत का मुनाफा



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि सरकार डिफेंस एक्सपोर्ट को लेकर काफी गंभीर है। उन्होंने कहा कि हम अगले पांच वर्षों में डिफेंस एक्सपोर्ट को बढ़ाकर 50000 करोड़ रुपये तक करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इस पर डिफेंस सेक्टर के सभी ज्यादातर स्टॉक ने उछाल के साथ अपनी प्रतिक्रिया दी। एक शेयर में 20 प्रतिशत का अपर सर्किट भी लगा।**

**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार (14 जून) को डिफेंस सेक्टर के स्टॉक में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। डिफेंस टेक्नोलॉजी से जुड़े लगभग सभी शेयर हरे निशान में बंद हुए।

लेकिन, सबसे अधिक फायदा हुआ पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को। पारस डिफेंस के शेयर में 20 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा। यह शुक्रवार के ट्रेड में 1,157.25 रुपये पर बंद हुआ, जो इसका 52 हफ्तों का उच्च स्तर भी है।

अगर रिटर्न की बात करें, तो यह मल्टीबैगर स्टॉक निकला। इसने एक साल में 109.19 फीसदी का रिटर्न दिया है। वहीं, पिछले सिर्फ 1 महीने में इसने निवेशकों को 60 फीसदी से अधिक का मुनाफा दिया है। पिछले पांच दिनों में भी इससे निवेशकों को 27 फीसदी का रिटर्न मिला है।

**क्या करती है पारस डिफेंस?**

पारस डिफेंस मुख्य रूप से डिफेंस और स्पेस इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स और सॉल्यूशंस उपलब्ध कराती है। यह उनकी डिजाइन, डेवलपमेंट, मैन्युफैक्चरिंग और टेस्टिंग में लगी हुई है। मार्च 2024 तक प्रमोटरों के पास कंपनी में 58.94 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। ब्रोकरेज भी पारस डिफेंस को लेकर काफी बुलिश हैं। फोर्ब्स के मुताबिक, पारस डिफेंस के प्रमुख ग्राहकों में फिलहाल डीआरडीओ, इसरो, डिफेंस शिपयार्ड, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा ग्रुप शामिल हैं।

**नई टेक्नोलॉजी पर दांव**

पिछले कुछ साल में पारस डिफेंस ने अपने कारोबार का ढांचा काफी हद तक बदला है। कंपनी पहले आईपीओ लाकर शेयर बाजार में लिस्ट हुई। फिर इसने नए क्षेत्रों में प्रवेश करके और सात नई सहायक कंपनियों की स्थापना की। कंपनी अब अपने ड्रोन, मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) और ड्रोन रोधी प्रणालियों पर गंभीर दांव लगा रही है।

इंडस्ट्री बॉडी फिक्की और कंसल्टेंसी फर्म ईवाई की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत का ड्रोन मार्केट 2030 तक 23 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इससे भारत दुनिया का ड्रोन हब बन जाएगा।

भारतीय रक्षा सेवाओं के भी ड्रोन पर बहुत अधिक निर्भर रहने की उम्मीद है।

**डिफेंस सेक्टर में क्यों आई तेजी?**

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डिफेंस सेक्टर को लेकर सरकार की योजनाओं का खुलासा किया, जिस पर बाजार ने काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में डिफेंस एक्सपोर्ट को बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपये तक करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

**किन शेयरों में कितना उछाल?**

पारस डिफेंस में 20.0 फीसदी का अपर सर्किट लगा। वहीं, मजगांव डॉक 16.9 प्रतिशत, आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी 10.4 प्रतिशत, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स 9.2 प्रतिशत और DCX Systems में 9.1 प्रतिशत का उछाल नजर आया। कोचीन शिपयार्ड, जेन टेक्नोलॉजीज और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे चर्चित डिफेंस स्टॉक भी अच्छी खासी बढ़त के साथ बंद हुए।

# आखिरी गेंद पर साउथ अफ्रीका ने तोड़ा नेपाल का दिल, रन आउट ने पलटा पासा



**लक्ष्य का पीछा करते हुए नेपाल की टीम का काफी सहज तरीके से बल्लेबाजी कर रही थी। 18वें ओवर की शुरुआत से पहले नेपाल ने सिर्फ तीन विकेट गंवाए थे और उनकी टीम 100 रन के करीब थी लेकिन शम्सी ने अपनी स्पिन लेती गेंदबाजों से बल्लेबाजों को चारो खाने चित्त कर दिया। सिर्फ दो रन देकर दो विकेट झटके। आखिरी ओवर में नेपाल 8 रन नहीं बना सकी।**

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में साउथ अफ्रीका और नेपाल के बीच एक रोमांच मुकाबला देखने को मिला। पूरे मैच में नेपाल की टीम साउथ अफ्रीका पर हावी दिखी, लेकिन आखिरी ओवर में साउथ अफ्रीका ने 1 रन से बाजी मार ली। नेपाल के पास साउथ अफ्रीका के खिलाफ उलटफेर करने का एक सुनहरा मौका था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके।

नेपाल को आखिरी दो ओवर में जीत के लिए 16 रन बनाने थे। क्रीज पर सेट बल्लेबाज आसिफ शेख और सोमपाल मौजूद थे। एनरिक नार्खिया ने अपने ओवर में 8 देकर आसिफ का विकेट चटकाया। अंतिम ओवर में नेपाल को जीत के लिए 8 रन बनाने थे। क्रीज पर नए बल्लेबाज गुलशन झा मौजूद थे। आखिरी ओवर साउथ अफ्रीका की तरफ से ओटनील बार्टमैन करने आए।

**अंतिम गेंद तक चली लड़ाई हार-जीत की लड़ाई**

ओटनील बार्टमैन के हाथ में गेंद थी। पहली और दूसरी गेंद डॉट रही। तीसरी गेंद पर गुलशन ने ओवर कवर्स पर शानदार चौका जड़कर दिलों की धड़कनें बढ़ा दी। अब नेपाल को तीन गेंद पर चार रन चाहिए थे। ओटनील बार्टमैन की चौथी गेंद पर गुलशन ने दो रन लिए। नेपाल उलटफेर करने के करीब पहुंच गया। उसे दो गेंद पर दो रन बनाने थे। बार्टमैन ने वापसी की और पांचवीं गेंद डॉट की। आखिरी गेंद पर जीत के लिए दो और मैच टाई कराने के लिए एक रन चाहिए था।

**गुलशन के रन आउट होते ही नेपाल का टूटा दिल**

स्टेडियम में मौजूद सभी फैंस की धड़कने बढ़ गई थी। बार्टमैन ने ऑफ स्टंप पर बैक ऑफ लेंथ की। गुलशन शॉट लगाने से चूके लेकिन बाय रन के लिए दौड़े।

क्विंटन डिकॉक ने नॉन स्ट्राइक पर थ्रो किया। कवर के फील्डर ने गेंद पकड़ी और स्टंप पर थ्रो किया। रन आउट की अपील की गई। थर्ड अंपायर ने रीप्ले में देखा कि गुलशन क्रीज से कुछ ही इंच दूर रह गए थे, उन्हें आउट करार दिया गया। इस तरह एक रोमांचक मैच की समाप्ति हुई।

## इस दिन शुरू हो रहा है आषाढ़ माह, जानें इसका धार्मिक महत्व

**आषाढ़ माह में जगत के पालनहार भगवान विष्णु और भगवान शिव की पूजा करने का विधान है। इस माह में देवी-देवताओं के विश्राम के समय की शुरुआत होती है। ऐसी मान्यता है कि आषाढ़ में तीर्थ दर्शन करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। ऐसे में आइए जानते हैं कब से शुरू हो रहा है आषाढ़ माह और इसका धार्मिक महत्व के बारे में।**

**नई दिल्ली।** सनातन धर्म में सभी माह का बेहद खास महत्व है। ठीक इसी प्रकार आषाढ़ माह को अधिक महत्वपूर्ण माना गया है। ज्येष्ठ पूर्णिमा तिथि से ज्येष्ठ माह का समापन होता है और इसके बाद आषाढ़ माह की शुरुआत होती है। पंचांग के अनुसार, आषाढ़ माह हिंदू कैलेंडर का चौथा महीना है।

**कब से शुरू हो रहा है आषाढ़ मास 2024?**

हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ माह की शुरुआत 23 जून से हो रही है। वहीं, इसका समापन 21 जुलाई 2024 को होगा।

**आषाढ़ माह का महत्व**

वैदिक धर्मग्रंथों के अनुसार, आषाढ़ माह में भगवान महादेव और श्री हरि की पूजा करने का विधान है। इससे जातक के जीवन में आने वाले दुख और संकट से मुक्ति मिलती है। साथ ही शुभ फल की प्राप्त होती है। इस माह में कई व्रत और पर्व पड़ते हैं। इनमें योगिनी एकादशी भी शामिल है। इस व्रत को करने से जातक को 88 हजार ब्राह्मणों को भोजन कराने के समान पुण्य की प्राप्ति होती है। इसके अलावा देवशयनी एकदाशी से भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं।

**आषाढ़ माह के नियम**

अषाढ़ माह में पिंडदान, तर्पण, स्नान और दान किया जाता है। इससे इंसान को पूर्वजों की कृपा प्राप्त होती है और सभी परेशानियों से छुटकारा मिलता है।

**अषाढ़ माह में पूजा-पाठ ओर हवन करने का विधान है।**

शास्त्रों के अनुसार, इस माह में सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना चाहिए। इससे इंसान शरीर निरोगी रहता है।

# थोक महंगाई ने दिया झटका, मगर जीडीपी के मोर्चे पर आई अच्छी खबर



**WPI यानी होलसेल प्राइस इंडेक्स में लगातार तीसरे महीने इजाफा हुआ। WPI मई में 2.61 फीसदी रही जो अप्रैल में 1.26 फीसदी थी। यह फरवरी 2023 के बाद से भारत में देखी गई थोक मुद्रास्फीति का उच्चतम स्तर है। हालांकि इस बीच जीडीपी के मोर्चे पर अच्छी खबर आई है। CII का कहना है कि इस वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी ग्रोथ 8 फीसदी रह सकती है।**

**नई दिल्ली।** थोक मूल्य मुद्रास्फीति (WPI) में लगातार तीसरे महीने इजाफा हुआ है। शुक्रवार को जारी डेटा के मुताबिक, WPI मई में 2.61 फीसदी रही, जो अप्रैल में 1.26 फीसदी थी। यह फरवरी 2023 के बाद से भारत में देखी गई थोक मुद्रास्फीति का उच्चतम स्तर है।

**सब्जी ने दिया महंगाई का झटका**

मई में थोक मूल्य मुद्रास्फीति में उछाल मुख्य रूप से कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, खाद्य पदार्थों आदि की कीमतों में वृद्धि की वजह से आई। मई के दौरान खाद्य पदार्थों के दाम 9.8 फीसदी बढ़े, जबकि अप्रैल में 7.74 फीसदी बढ़े थे। सबसे ज्यादा उछाल सब्जियों के भाव में आया। अप्रैल में सब्जी के दाम में 23.60 फीसदी वृद्धि हुई थी। वहीं मई में 32.42 फीसदी हुई।

**खुदरा-थोक महंगाई में तालमेल नहीं**

WPI में लगातार तीन महीने से इजाफा हो रहा है। वहीं, खुदरा मुद्रास्फीति का हाल इसके ठीक उलट है, जो 12 महीने के निचले स्तर 4.75 फीसदी पर आ गई है। खुदरा मुद्रास्फीति की अहमियत कई बार ज्यादा होती है, क्योंकि ऋख्रु अपनी मौद्रिक नीति को तय करते समय इसी को तवज्जो देता है।

**जीडीपी की ग्रोथ रहेगी दमदार!**

थोक महंगाई बढ़ने के बीच आर्थिक मोर्चे से एक अच्छी खबर भी है। इंडस्ट्री बॉडी CII का कहना है कि इस वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी ग्रोथ 8 फीसदी रह सकती है। CII के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज सेक्टर पर निर्भर है। इन सेक्टर को निरतंर बढ़ते सरकारी खर्च और अच्छे मानसून का लाभ मिलेगा। CII का अनुमान वर्ल्ड बैंक के मुकाबले अधिक आशावादी है। वर्ल्ड बैंक का अनुमान है कि भारत की जीडीपी इस साल 6.6 फीसदी की दर से बढ़ेगी। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने 6.8 फीसदी और एशियाई विकास बैंक (ADB) ने 7 फीसदी की दर से वृद्धि का अनुमान लगाया है।

**कृषि क्षेत्र से ज्यादा उम्मीदें**

CII के अनुमान की खास बात यह है कि इसने कृषि में 3.7 फीसदी ग्रोथ की उम्मीद जताई है, जो पिछले साल 1.4 फीसदी थी।

हालांकि, इसने कहा कि बेस इफेक्ट के कारण मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ 9.3 फीसदी से घटकर 8.4 फीसदी हो सकती है। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी दोहराया है कि भारत इस साल एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

मूडीज ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा, हमें उम्मीद है कि आम चुनाव के बाद नई सरकार अपनी पुरानी नीतियों को जारी रखेगी। उसका फोकस इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास और निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहन देने पर बना रहेगा। पिछले महीने मूडीज ने मौजूदा वित्त वर्ष में भारत के लिए 6.6 फीसदी जीडीपी ग्रोथ का अनुमान लगाया था।

# 3 साल में आधे भारतीय धोखाधड़ी के शिकार, इन लोगों को बनाया गया निशाना

**बीते शुक्रवार को हुए एक सर्वे में जानकारी मिली है कि पिछले तीन साल में 47 प्रतिशत भारतीयों ने एक या एक से अधिक बार वित्तीय धोखाधड़ी का अनुभव किया है। इसमें यूपीआई और क्रेडिट कार्ड सबसे से जुड़े फ्रॉड बहुत आम हैं। लोकलसर्किल्स ने बताया कि 302 जिलों के 23000 उत्तरदाताओं ने घरेलू और/या अंतर्राष्ट्रीय व्यापारियों/वेबसाइटों द्वारा अपने क्रेडिट कार्ड से जुड़े चार्ज पर फ्रॉड का अनुभव किया।**

**नई दिल्ली।** पिछले 3 साल में करीब आधे भारतीय वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। लोकल सर्किल्स द्वारा किए गए एक नए सर्वे में पता चला है कि भारत में वित्तीय धोखाधड़ी बुहत आम बात हो गई है। इससे फ्रॉड की चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। सर्वे में 302 जिलों के 23,000 उत्तरदाताओं में से करीब आधे (47%) ने पिछले तीन साल में किसी न किसी तरह की वित्तीय धोखाधड़ी के अनुभव की पुष्टि की है। इन फ्रॉड की घटनाओं में यूपीआई और क्रेडिट कार्ड से जुड़े मामले सबसे ज़्यादा सामने आए है। आइये इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

**यूपीआई यूजर निशाने पर**

हाल ही में हुए सर्वे में दो मुख्य क्षेत्रों यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) और क्रेडिट कार्ड पर प्रकाश डाला गया है।

क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी- क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी का अनुभव करने वाले आधे से ज़्यादा (53%) उत्तरदाताओं ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय व्यापारियों या वेबसाइटों द्वारा लगाए गए अनधिकृत शुल्कों की सूचना दी है। यूपीआई धोखाधड़ी-इस सर्वे में हिस्सा लेने वाले लोगों की एक बड़ी संख्या (36%) ने यूपीआई के जरिए धोखाधड़ी वाले लेन-देन की भी सूचना दी है। सर्वे में ये बात भी सामने आई है कि कम रिपोर्टिंग दर ने समस्या को और बढ़ा दिया है। लोकलसर्किल्स का अनुमान है कि 10 में से 6 भारतीय अधिकारियों को वित्तीय धोखाधड़ी की सूचना नहीं देते हैं। रिपोर्टिंग की कमी के कारण समस्या के सही पैमाने को ट्रैक करना और उसपर कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है।

**तुरंत कार्रवाई की जरूरत**

सर्वे में इस समस्या से निपटने के लिए कुछ उपाय भी बताए गए हैं, जिनकी मदद से आप आसानी से इससे बच सकते हैं। कंज्यूमर की सुरक्षा के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों और धोखाधड़ी रोकथाम प्रणालियों को लागू करना जरूरी है। लोगों के बीच वित्तीय सुरक्षा के सही तरीकों और धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने के जरूरत को लेकर जागरुकता फैलाना ताकि उन्हें खुद की सुरक्षा करने के लिए सशक्त बनाया जा सकें।

**RBI के आंकड़ों में दिखा वृद्धि का रुझान**

सर्वे में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के आंकड़ों पर भी बात की गई है। वित्त वर्ष 24 में धोखाधड़ी के मामलों का कुल आकड़ा 13,930 करोड़ रुपये था, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग आधा है। हालांकि मामलों की संख्या में 166% की चौंका देने वाली वृद्धि देखी गई है। वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ोतरी और कम रिपोर्टिंग दर को बताते हुए सर्वे में अधिकारियों और नागरिकों दोनों के लिए एक चेतावनी जारी की है। इस बढ़ते खतरे से निपटने के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों को लागू करना और जागरूकता बढ़ाना आवश्यक कदम हैं।




# मूडीज का दावा-एनडीए की सरकार से खुश है शेयर मार्केट, अगले 12 महीने में 82 हजार के पार होगा सेंसेक्स



**नई दिल्ली।** वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अगले एक वर्ष में भारतीय शेयर बाजारों का प्रदर्शन सकारात्मक रहने का अनुमान जताया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि अगले 12 महीनों के दौरान बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 82 हजार के स्तर के पार जा सकता है और इसमें मौजूदा स्तर से 14 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

**नीतिगत सुधार जारी रहेंगे**

रेटिंग एजेंसी ने ताजा रिपोर्ट में कहा है कि अगला दशक भारत का रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की जीत का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि नीतिगत सुधार जारी रहेंगे। इससे अगले पांच वर्षों के दौरान विकास और इक्विटी रिटर्न प्रभावित होगा। एजेंसी का मानना है कि सरकार महंगाई की आक्रामकता पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी।

**संरचनात्मक सुधारों की उम्मीद**

रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजार को आने वाले दिनों में और अधिक संरचनात्मक सुधारों की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025-26 तक आय वृद्धि पूर्वानुमान के साथ कंपनियां बेहतर प्रदर्शन करेंगी, जो आम सहमति से 500 आधार अंक या पांच प्रतिशत अधिक है। एजेंसी ने रिपोर्ट में कहा है कि आने वाले दशक में वैश्विक वृद्धि में भारत की करीब 20 प्रतिशत होगी।

दुनियाभार में भारत की सेवाओं और वस्तुओं की बढ़ती मांग से इसमें मदद मिलेगी। इससे भारत में मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि होगी। साथ ही देश के उन्नत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा।

## बुध प्रदोष के दिन शिव जी को चढ़ाएं ये 2 अनाज, घर नें बनी रहेगी सुख-शांति

**बुध प्रदोष के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा का विधान है। इस बार प्रदोष व्रत 19 जून 2024 दिन बुधवार को मनाया जाएगा। बुधवार को पड़ने की वजह से इसे बुध प्रदोष के नाम से जाना जाता है। वहीं ज्योतिष शास्त्र में इस दिन को लेकर कुछ कार्य बताए गए हैं जिन्हें करने से घर में सुख और शांति बनी रहती है।**

**नई दिल्ली।** सनातन धर्म में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। बुध प्रदोष के दिन भगवान शिव की पूजा करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है। साथ ही परिवार में खुशहाली आती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा का विधान है। इस बार प्रदोष व्रत 19 जून, 2024 दिन बुधवार को मनाया जाएगा। बुधवार को पड़ने की वजह से इसे बुध प्रदोष के नाम से जाना जाता है।

वहीं, ज्योतिष शास्त्र में इस दिन को लेकर कुछ कार्य बताए गए हैं, जिन्हें करने से घर में सुख और शांति बनी रहती है। दरअसल, इस तिथि पर भगवान शिव को कुछ ऐसे अनाज हैं, जिन्हें अर्पित करना अच्छा माना जाता है,

**शिव जी को चढ़ाएं जौ**

बुध प्रदोष के दिन भगवान शंकर को जौ चढ़ाना अति लाभकारी माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि जून मास में अत्यधिक गर्मी पड़ती है और जौ ठंडा होता है। इसलिए भोलेनाथ को जौ चढ़ाना चाहिए। इससे उनका पूर्ण आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही कुंडली से राहु का अशुभ प्रभाव भी समाप्त होता है।

**भगवान शंकर को चढ़ाएं चावल**

बुध प्रदोष व्रत के दिन शिवलिंग पर चावल चढ़ाना अत्यंत शुभ माना जाता है। वैसे भी अक्षत के रूप में चावल हर पूजा में चढ़ाया जाता है।

इससे घर में बरकत बनी रहती है। साथ ही धन से जुड़ी सभी समस्याओं का अंत होता है। ऐसे में इस शुभ अवसर पर महादेव को जल जरूर चढ़ाएं।

# लोकसभा चुनाव बाद लौटा विदेशी निवेशकों का भरोसा, बड़े निवेश के साथ भारतीय बाजार में की वापसी




**3.0 सरकार के सत्ता संभालने के बाद भारतीय बाजार में विदेशी निवेशकों का भरोसा बहाल होता दिख रहा है और उन्होंने निवेश शुरू कर दिया है। लेकिन उनकी चिंता अभी भारतीय शेयर मार्केट के वैल्यूएशन को लेकर है जो घरेलू खरीदारों के बुलिश रुख के चलते ऑल टाइम हाई पर है। यही वजह है कि एफपीआई ऐसे मार्केट भी तलाश रहे हैं जो भारत के मुकाबले सस्ता हो।**

**नई दिल्ली।** भारत में लोकसभा चुनाव की शुरुआत के बाद से ही शेयर मार्केट में काफी अस्थिरता का माहौल बन गया था। खासकर, विदेशी निवेशकों ने शुरुआती चरणों में कम वोटिंग को देखते हुए बड़े पैमाने पर बिकवाली की। यह सिलसिला रिजल्ट के बाद तक जारी रहा।

हालांकि, अब फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स (FPI) ने इक्विटी मार्केट में वापसी की है। उन्होंने पिछले कारोबारी हफ्ते के आखिरी दिन यानी शुक्रवार (14 जून) को 2,743 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। लेकिन भारतीय शेयर मार्केट के तमाम सकारात्मक संकेतों के बावजूद विदेशी निवेशकों का ओवरऑल नेट इन्वेस्टमेंट नेगेटिव ही रहा।

**जून भी बिकवाली जारी**

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL) के मुताबिक, जून में भी विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी है। उन्होंने जून में शुक्रवार तक 3,064 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। यह बिकवाली के उस लंबे ट्रेंड को फॉलो करती है, जो लोकसभा चुनाव के बाद से ही चला रहा है।

जून के पहले हफ्ते में FPI फ्लो में काफी उतार-चढ़ाव दिखा। खासकर, एग्जिट पोल और असली चुनावी नतीजों के रिजल्ट में अंतर की वजह से। 3 जून को एग्जिट पोल के नतीजों से उत्साहित होकर विदेशी निवेशकों ने 6,521 करोड़ रुपये की खरीदारी की। लेकिन, अगले दिन लोकसभा चुनाव के असल नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक नहीं रहे, तो शेयर मार्केट में भारी गिरावट आई।

विदेशी निवेशकों का भी भरोसा डगमगाया और उन्होंने एक दिन पहले जितनी खरीदारी की थी, उससे करीब दोगुनी यानी 12,259 करोड़ रुपये की बिकवाली की।

**वापस लौटा भरोसा**

हालांकि, Modi 3.0 सरकार के सत्ता संभालने के बाद भारतीय बाजार में विदेशी निवेशकों का भरोसा बहाल होता दिख रहा है और उन्होंने निवेश शुरू कर दिया है। लेकिन, उनकी चिंता अभी भारतीय शेयर मार्केट के वैल्यूएशन को लेकर है, जो घरेलू खरीदारों के बुलिश रुख के चलते ऑल टाइम हाई पर है।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रेटिजिस्ट वीके विजयकुमार ने कहा, अगर यहां से भारतीय बाजार में तेजी जारी रहती है, तो हो सकता है कि विदेशी निवेशक वापस से भारी बिकवाली शुरू कर दे। फिर वे हांगकांग जैसे दूसरे बाजारों में खरीदारी कर सकते हैं, जो भारत के मुकाबले काफी सस्ता है।

हालांकि, भारतीय बाजार में मजबूती है। साथ ही, खुदरा निवेशकों ने बाजार में गिरावट का फायदा उठाने के लिए बड़ी खरीदारी भी की। ऐसे में एफपीआई पर अपनी बिकवाली कम करने का दबाव बनाया है। यह चीज पूरे मई में देखने को मिली, जब विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ज्यादा नीचे नहीं आया।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर राशि अनुसार करें इन मंत्रों का जप, पूरी होगी मनचाही मुराद

**नई दिल्ली।** सनातन धर्म में पूर्णिमा तिथि जगत के नाथ भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस दिन चंद्र देव की भी पूजा की जाती है।

शास्त्रों में पूर्णिमा तिथि पर गंगा स्नान, पूजा, जप-तप और दान-पुण्य करने का विधान है। पूर्णिमा तिथि पर गंगाजल युक्त पानी से स्नान-ध्यान कर विधि-विधान लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही सभी बिगड़े काम बन जाते हैं। पूर्णिमा तिथि पर श्री सत्यनारायण देव की पूजा की जाती है। अत: बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूर्णिमा तिथि पर गंगा समेत पवित्र नदियों एवं सरोवरों में आस्था की डुबकी लगाते हैं।

इसके पश्चात, विधि-विधान से विष्णु जी की पूजा करते हैं। अगर आप भी ज्येष्ठ पूर्णिमा पर भगवान विष्णु को प्रसन्न कर उनक आशीर्वाद पाना चाहते हैं, तो ज्येष्ठ पूर्णिमा पर पूजा के समय राशि अनुसार इन मंत्रों का जप करें।

**राशि अनुसार मंत्र जप**

मेष राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा पर ? विष्णवे नम: मंत्र का एक माला जप करें।

वृषभ राशि के जातक भगवान विष्णु की कृपा पाने के लिए ? जगन्नाथाय नम: मंत्र का जप करें।

मिथुन राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा पर ? नारायणाय नम:% मंत्र का एक माला जप करें।

कर्क राशि के जातक मनचाही मुराद पाने के लिए ? हृषीकेशाय नम: मंत्र का जप करें।

सिंह राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा पर ? चक्रपाणये नम: मंत्र का एक माला जप करें।

कन्या राशि के जातक विष्णु जी की कृपा पाने हेतु ? हंसाय नम: मंत्र का जप करें।

तुला राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन ? गोविन्दाय नम: मंत्र का जप करें।

वृश्चिक राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा को पूजा के समय ? श्रीधराय नम:मंत्र का एक माला जप करें।

धनु राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा? श्रीमते नम: मंत्र का एक माला जप करें।

मकर राशि के जातक मनचाहा वर पाने के लिए ? देवाय नम: मंत्र का एक माला जप करें।

कुंभ राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा पर ? वामनाय नम: मंत्र का जाप एक माला जप करें।

मीन राशि के जातक लक्ष्मी नारायण जी की कृपा पाने के लिए ? रामाय नम: मंत्र का पांच माला जप करें।

SAVE WATER
SAVE TREE

# 10 साल तक ऋतिक रोशन के भाई को रिद्धिमा पंडित ने किया डेट, कहा उनके साथ ब्रेकअप के बाद मैं इमोशनली अब्युजिव




**ऋतिक रोशन बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे हैंडसम एक्टर माने जाते हैं। लेकिन अपने परिवार में सिर्फ वही एक गुड लुक्स से गिफ्टेड नहीं हैं। ऋतिक के कजिन ईशान रोशन भी कम हैंडसम नहीं हैं। हाल ही में उन्हें लेकर टेलीविजन इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस रिद्धिमा पंडित ने एक खुलासा किया। एक्ट्रेस ने उनके साथ अपने रिलेशन पर बात की।**

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया की रोबोट बहू रिद्धिमा पंडित आज जाना पहचाना नाम बन चुकी हैं। वह बचपन से दो राज्यों के कल्चर रुबरू हुई हैं। उनकी मां गुजराती हैं, जबकि पिता महाराष्ट्र के कल्चर से ताल्लुक रखती हैं। यही वजह है कि वह दोनों राज्यों की संस्कृति से भली भांति परिचित हैं।

**लिंकअप्स पर रिद्धिमा पंडित ने तोड़ी चुप्पी**

रिद्धिमा बहू हमारी रजनीकांत शो से पॉपुलर हुईं। आज उनकी सोशल मीडिया पर अच्छी फैन फॉलोइंग है। एक एक्टर की जिंदगी कंट्रोवर्सी के बिना अधूरी रहती है। बहू हमारी रजनीकांत में रोबोटिक बहू बन सबके दिलों पर छाने वालीं रिद्धिमा के साथ भी यही हुआ। कुछ दिनों पहले उनका नाम क्रिकेटर शुभमन गिल के साथ जोड़ा जा रहा था। एक्ट्रेस ने शुभमन गिल के साथ अपने रिलेशन पर चुप्पी तोड़ी है। साथ ही अपने पास्ट रिलेशन पर भी खुलकर बात की है।

**ऋतिक रोशन के भाई को डेट कर चुकी हैं रिद्धिमा**

सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में रिद्धिमा पंडित ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में काफी कुछ बताया है। उन्होंने ऋतिक रोशन के भाई ईशान रोशन के साथ अपने रिलेशन पर बात की। रिद्धिमा ने बताया कि वह 10 साल तक ईशान के साथ रिलेशन में थीं। वह 18 साल की थीं, जब ईशान के साथ उनका अफेयर स्टार्ट हुआ।

**एक तरफ फेम, दूसरी तरफ टूटा रिलेशन**

रिद्धिमा ने बताया कि वह 10 साल तक ईशान रोशन के साथ हेल्दी रिलेशन में थीं। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, आप समय के साथ मैच्योर होते चले जाते हो। ब्रेकअप के बाद भी हम एक दूसरे के टच में हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि 10 साल की डेटिंग के बाद उनका रिलेशन तब टूटा जब उन्होंने ग्लैमर लाइन में डेब्यू किया। यानी एक तरफ उनके सामने नेम एंड फेम की दुनिया थी, जो उनके लिए खुशी की बात थी। दूसरी तरफ उनका सालों पुराना रिलेशन टूट गया, जिसे लेकर वह दुखी थीं।

**हर पांच साल में इंसान बदल जाता है**

रिद्धिमा ने कहा कि हर पांच साल में इंसान बदल जाता है। वक्त के साथ लोगों में बदलाव आते रहते हैं। हम लोग अब बात नहीं करते, लेकिन इतना है कि कभी एक दूसरे की जरूरत पड़ी, तो हाजिर रहेंगे। ईशान शानदार इंसान हैं।

**इमोशनली अब्यूजिव रहा ये रिलेशन**

ईशान संग ब्रेकअप के बाद रिद्धिमा एक और रिलेशन में थीं, लेकिन वह लंबा नहीं चल सका। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें इमोशनली अब्युज किया गया, इसलिए उनके लिए वो रिश्ता मायने नहीं रखता।

लंबा नहीं चल सका। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें इमोशनली अब्युज किया गया, इसलिए उनके लिए वो रिश्ता मायने नहीं रखता।

# तारा सिंह और शकीना, जब गदर की शूटिंग के वक्त सनी देओल -अमीषा पटेल के साथ हुआ था बड़ा हादसा



**नई दिल्ली।** फिल्म गदर-एक प्रेम कथा की रिलीज को 23 साल का लंबा वक्त बीत चुका है। लेकिन सनी देओल स्टार इस मूवी को लेकर आज भी चर्चा होती है। निर्देशक अनिल शर्मा की इस फिल्म ने हिंदी सिनेमा की परिभाषा को पूर्ण रूप से बदल के रख दिया और बीते साल इसके सीक्वल यानी गदर 2 ने भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई के मामले में इतिहास रच दिया। गदर की शूटिंग के दौरान सनी देओल और एक्ट्रेस अमीषा पटेल एक हादसे का शिकार हो गए थे, जिसमें दोनों बाल-बाल बचे थे।

**गदर की शूटिंग के वक्त हुआ था हादसा**

अभिनेता सनी देओल और एक्ट्रेस अमीषा पटेल की जोड़ी हिंदी सिनेमा की सबसे सफल जोड़ी में से एक मानी जाती है। साल 2001 में फिल्म गदर के दौरान ये दोनों एक साथ किसी फिल्म में नजर आए थे और ये फैंस के फेवरेट माने जाते हैं। सालों पहले सनी ने लहरें नेटवर्क को एक इंटरव्यू दिया था और इस दौरान उनसे गदर-एक प्रेम कथा को लेकर कई सवाल पूछे गए। जिस पर सनी देओल ने बताया था कि फिल्म की शूटिंग के दौरान एक हादसा हुआ था। सनी देओल ने कहा- हम लखनऊ में गदर की शूटिंग कर रहे थे और सीन में मुझे रिक्शा चलाना था, जिसमें अमीषा पटेल और एक छोटा बच्चा बैठा हुआ था।

रिक्शा चलाते वक्त अचानक से उसका बैलेंस बिगड़ा और सामने जाकर वह एक दीवार से टकरा गया। जिसकी वजह से रिक्शा पलट गया और हम तीनों जमीन पर गिर गए। इसमें हम लोगों को हल्की फुल्की चोटें भी आए। हालांकि मामला गंभीर नहीं हुआ, इसके लिए रब का सब्र रहा। इस तरह से सनी देओल ने गदर की शूटिंग के दौरान का एक रोचक किस्सा सुनाया।

**जल्द आएगी गदर 3**

बीते साल गदर 2 की अपार सफलता के बाद हर कोई इस बात का इंतजार कर रहा है कि इस फ्रेंचाइजी का तीसरा पार्ट कब आएगा। बता दें कि डायरेक्टर अनिल शर्मा गदर 3 को लेकर पहले हिंट दे चुके हैं और उम्मीद है कि भविष्य में फैंस को तारा सिंह और शकीना की जोड़ी फिर से देखने को मिलेगी।

# वॉक करना या सीढ़ियां चढ़ना, वेट लॉस और हेल्दी रहने के लिए क्या है ज्यादा फायदेमंद

लोग अक्सर फिजिकली एक्टिव रहने के लिए अलग-अलग तरह की एक्सरसाइज करना पसंद करते हैं। वॉकिंग और सीढ़ियां चढ़ना इन्हीं में से एक है जो वेट लॉस के लिए काफी कारगर माना जाता है। हालांकि लोगों के मन में अक्सर यह सवाल रहता है कि सीढ़ी चढ़ने और वॉकिंग करने में से कौन ज्यादा फायदेमंद होता है।

लाइफस्टाइल डेस्क, नई दिल्ली। वॉक करना हो या सीढ़ी चढ़ना दोनों को ही बेहद जरूरी और हेल्दी वर्कआउट माना जाता है। इनके अनेकों फायदे हैं। ये दोनों ही शरीर के निचले हिस्से को मजबूत बनाते हैं और मांशपेशियों को टोन करते हैं। कई लोग मॉर्निंग या इवनिंग वॉक तो कर लेते हैं, लेकिन अलग से सीढ़ियां चढ़ने की एक्सरसाइज बहुत कम लोग करते हैं। हालांकि, कई लोगों के मन में अक्सर यह सवाल रहता है कि वजन कम करने में ज्यादा कारगार क्या है, वॉक करना या सीढ़ियां चढ़ना? अगर आपके मन में भी अक्सर यह सवाल रहता है, तो आज हम आपको बताएंगे कि वेट लॉस के लिए दोनों में से कौन ज्यादा बेहतर होता है।

**वॉक करना या सीढ़ियां चढ़ना- कौन बेहतर**

वॉक करते समय शरीर एक सीधी लकीर जैसी दिशा में चलती है, लेकिन सीढ़ियों पर ऊपर चढ़ते समय शरीर खड़ी होकर एक एंगल में मुड़ती है, जिससे मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है और पैर की मांसपेशियां स्टेबल हो कर मजबूत होती हैं। चढ़ते समय शरीर ग्रेविटी के खिलाफ जा रहा होता है। इससे पैरों की मांसपेशियों पर जो खिंचाव होता है, इससे ये मजबूत होने के साथ टोन होती हैं।

वॉक करते समय मात्र पंजों पर दबाव पड़ता है। वहीं, सीढ़ियां चढ़ते समय पैर, पंजे, घुटने, एड़ी सभी हिस्सों पर दबाव पड़ता है और इनकी एक्सरसाइज होती है, जिससे पैरों की ताकत बढ़ती है।

वॉक करने की तुलना में सीढ़ियां चढ़ने में अधिक मेहनत लगती है, जिससे ये एक इंटेंस वर्कआउट की श्रेणी में आता है। इससे स्टैमिना बूस्ट होता है और एनर्जी बढ़ती है।

वॉक के लिए संभवतः लोगों को बाहर कहीं पार्क या खुली जगह में जाना मजबूरी होती है, लेकिन सीढ़ियां आप कहीं भी चढ़ सकते हैं, फिर वो घर हो या ऑफिस हो या फिर कोई मॉल हो।

वॉक करने की तुलना में सीढ़ियां चढ़ने से अधिक कैलोरी बर्न होती है और साथ ही हार्ट, लंग्स और मांसपेशियां अधिक मजबूत होते हैं।

इन बिंदुओं से ये साफ होता है कि सीढ़ियां चढ़ना ज्यादा फायदेमंद होता है, लेकिन अगर आपको किसी प्रकार की घुटने की या सांस फूलने की समस्या है, तो डॉक्टर के निर्देशानुसार ही सीढ़ियां चढ़ें।

# कॉमिक्स के हीरो बन चुके हैं मिथुन चक्रवती, इस फिल्म से प्रेरित था एक्टर का किरदार





**मिथुन चक्रवर्ती का नाम हिंदी सिनेमा के वरिष्ठ अभिनेताओं की सूची में शामिल होता है। अपने समय में शानदार एक्शन और डांस के दम पर मिथुन किसी भी फिल्म को हिट कराने का माद्दा रखते थे। लेकिन क्या आप जानते हैं उनकी एक फिल्म से प्रेरित होकर कॉमिक्स बुक भी बन चुकी है जो काफी पॉपुलर भी हुई थी।**

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई ऐसे अभिनेता मौजूद हैं, जिन्होंने ने कला के हर क्षेत्र में अपने हुनर का सिक्का चमकाया है। कुछ एक्शन में महारथी रहे तो कुछ डांस के बादशाह। लेकिन बहुत कम कलाकार ऐसे हैं, जो फिल्मों में इन दोनों कैटेगरी में फिट बैठते हैं और ऐसी ही स्टार्स में एक्टर मिथुन चक्रवर्ती का नाम शामिल होता है। 16 जून को मिथुन का 74वां जन्मदिन मनाया जाएगा और आज इस लेख में हम उनसे जुड़े कुछ रोचक तथ्यों के बारे में चर्चा करने जा रहे हैं। जिसमें हम बताएंगे कि मिथुन चक्रवर्ती पर एक कॉमिक बुक बन चुकी हैं।

मिथुन की फिल्म पर बनी कॉमिक्स

बड़े पर्दे पर अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ने वाले मिथुन चक्रवर्ती कॉमिक्स के हीरो का किरदार निभा चुके हैं। दरअसल उनके करियर की सुपरहिट फिल्म डिस्को डांसर ने हर किसी की दिल बखूबी जीता। इस

**फिल्म के बाद मिथुन रातोंरात सुपरस्टार बन गए।**

इस फिल्म से प्रेरित होकर लेखक सौरव मोहपात्रा और अनुपम सिन्हा ने मिलकर साल 2008 में एक जासूस हीरो कॉमिक्स बुक को लॉन्च किया। इस कॉमिक बुक का नाम जिम्मी झिगजैग-एजेंट ऑफ डिस्को था।

**इसमें मिथुन का किरदार एक स्पाई एजेंट का था।**

डिस्कोर डांसर फिल्म की तरह मिथुन चक्रवर्ती की ये कॉमिक बुक भी काफी पॉपुलर हुई और उनके करियर के लिए ये खास उपलब्धि मानी जाती है। बहुत कम बार देखा गया है कि बॉलीवुड के किसी अभिनेता और उसकी फिल्म को लेकर कोई कॉमिक बुक पब्लिश की गई हो।

**डिस्को डांसर से बदला मिथुन का करियर**

लंबे समय से बतौर कलाकार मिथुन चक्रवर्ती हिंदी सिनेमा में एक्टिव हैं। लेकिन उनके एक्टिंग करियर को ऊंची उड़ान साल 1982 में आई फिल्म डिस्को डांसर के जरिए मिली। निर्देशक बब्बर सुभाष के निर्देशन में बनी इस मूवी में मिथुन ने एक डिस्को डांसर का किरदार निभाया। इस फिल्म में मिथुन ने ये दिखाया था कि सिर्फ एक्शन ही नहीं, बल्कि डांस के मामले में भी उनका कोई मुकाबला नहीं है। डिस्को डांसर के गाने और मिथुन का डांस स्टाइल काफी पॉपुलर हुआ और आज भी इसकी धुन पर फैंस थिरकते हुए नजर आ जाते हैं।

मिथुन चक्रवर्ती के अलावा इस फिल्म में अभिनेत्री किम, ओम पुरी और राजेश खन्ना अहम किरदारों में नजर आए थे। आलम ये रहा था कि डिस्को डांसर फिल्म काफी सफल रही और इसने हर किसी का दिल जीता। आज भी डिस्को डांसर को मिथुन की सबसे शानदार मूवीज में से एक माना जाता है।

**इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं मिथुन चक्रवर्ती**

47 साल पहले अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाले मिथुन चक्रवर्ती ने हिंदी और बंगाली फिल्मी इंडस्ट्री में अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। इस दौरान उन्होंने प्रेम विवाह, आखिरी इंसाफ, हम पांच, घर एक मंदिर, गुलामी, वतन के रखवाले और गंगा जमुना सरस्वती जैसी कई फिल्में की हैं। इतना ही नहीं मौजूदा समय में भी वह द कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्मों में अपने एक्टिंग के हुनर की छाप छोड़ चुके हैं।

# ब्लड शुगर कंट्रोल ही नहीं, डायबिटीज की इन कॉम्प्लिकेशंस को दूर रखने के लिए भी जरूरी है

**डायबिटीज की समस्या इन दिनों तेजी से लोगों को अपना शिकार बना रही है। यह एक लाइलाज बीमारी है जिसे हेल्दी लाइफस्टाइल से कंट्रोल किया जाता है। हालांकि डायबिटीज में सिर्फ Blood Sugar Level कंट्रोल करने के लिए ही नहीं कुछ कॉम्प्लिकेशन को दूर रखने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल जरूरी है।**

**नई दिल्ली।** ब्लड में बढ़े हुए शुगर के कारण डायबिटीज होती है, लेकिन डायबिटीज के कारण शरीर के अंदर बहुत सारे बदलाव होते हैं। ये ऐसे बदलाव होते हैं, जो शरीर को कई मायने में नुकसान पहुंचाते हैं। इन्हें डायबिटीज के कॉम्प्लिकेशन कहा जाता है।

डायबिटीज होने के बाद एक स्वस्थ जीवनशैली सिद्ध इसलिए जरूरी नहीं होती है, ताकि शुगर कंट्रोल किया जा सके, ये इससे होने वाले तमाम उन कॉम्प्लिकेशन से बचाव करने के लिए भी फॉलो की जाती है, जिससे हमारा स्वास्थ्य हमेशा अच्छा बना रहे और अन्य नई समस्याओं का सामना न करना पड़े। आइए जानते हैं डायबिटीज के इन कॉम्प्लिकेशंस के बारे में-

**आई रेटिनोपैथी**

डायबिटीज आंखों के ब्लड वेसल को डैमेज कर सकती है, जिससे अंधापन भी हो सकता है। इसे आई रेटिनोपैथी के नाम से जाना जाता है।

**हार्ट संबंधी समस्याएं**

डायबिटीज कोरोनरी आर्टरी डिजीज के साथ एंजाईना (सीने में दर्द) और एथेरोस्क्लेरोसिस (आर्टरी का संकरा होना), हार्ट अटैक और ब्लड क्लॉट का खतरा बढ़ा देता है।

**फुट डैमेज**

नर्व डैमेज और खराब ब्लड फ्लो के कारण इन्फेक्शन का खतरा बढ़ता है और पैरों में सूजन या दर्द बढ़ सकता है। इससे पैर सुन्न भी पड़ सकते हैं या फिर एक झनझनाहट महसूस होती है।

**किडनी डैमेज**

किडनी में मौजूद संवेदनशील ग्लोमेरुलाई फिल्टरिंग सिस्टम जो कि ब्लड में से वेस्ट फिल्टर करता है, डायबिटीज इसे भी डैमेज कर सकता है।

**सुनने की क्षमता में कमी**

डायबिटीज के कारण कान की नसें भी डैमेज हो सकती हैं, जिससे सुनने की क्षमता कम होती है।

**अल्जाइमर डिजीज**

डायबिटीज डिमेंशिया यानी भूलने की बीमारी और अल्जाइमर के खतरे को और भी बढ़ा देता है।

**डाइजेस्टिव नर्व डैमेज**

ब्लड में अधिक शुगर होने के कारण ये डाइजेस्टिव ट्रैक्ट को पोषण देने वाली छोटी छोटी कैपिलरी को नष्ट कर देता है, जिससे उलटी, मितली, कब्ज या डायरिया की शिकायत हो सकती है।

# इंडस्ट्री में ब्रैकथ्रो को लेकर शालीन भनोट ने दिया बड़ा बयान, बोले- पार्टी में जाने से नहीं मिलता काम



**छोटे पर्दे के जाने माने एक्टर शालीन भनोट इन दिनों रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह शो जल्द ही ऑनएयर होने वाला है। इससे पहले वह बिग बॉस में भी अपना जलवा दिखा चुके हैं। अब हाल ही में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में मिलने वाले काम को लेकर बात की है। साथ ही यह शालीन ने जयदीप का भी जिक्र किया है।**

**मुंबई।** इंडस्ट्री में काम पाने का तरीका है कि ऑडिशन दो। अगर उसमें पास हो जाते हैं, तो काम मिल जाता है। हालांकि, कई कलाकार मानते हैं कि बड़ी पार्टियों में जाकर लंच और डिनर करने से कई बार काम मिलता है। चमकीला अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने भी पिछले दिनों ऐसा कहा था। इन दिनों रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 के लिए शूटिंग कर रहे अभिनेता शालीन इससे इत्तेफाक नहीं रखते हैं। दैनिक जागरण से बातचीत में शालीन कहते हैं कि अगर आप जानते हैं कि आप प्रतिभाशाली हैं तो आपके लिए काम है। एक काम नहीं मिलेगा, तो दूसरा मिलेगा। अगर पार्टी में जाकर या लंच और डिनर पर काम मिलता, तो आज बैठकर कहीं खाना ही खा रहे होते, काम नहीं। मैंने बहुत लोगों को संघर्ष के बाद काम करते देखा है। मेरे सामने जयदीप अहलावत का उदाहरण है।जयदीप भैया को मैं सालों से जानता हूं, वह काफी समय तक संघर्ष करते रहे, फिर जब मौका मिला तो उस पर खरे उतरे। मैं तो फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के साथ शो कर रहा हूं। मुझे तो उनसे कहने में भी कोई हर्ज नहीं है कि आपके साथ काम करना है। मैं तो उन्हें पहले भी कह चुका हूं। कोई इतना बड़ा नहीं है, जो काम नहीं मांगता है। हर इंसान का अपना संघर्ष है।

**रियलिटी शो के सेट पर घायल हो गए थे शालीन**

बता दें कि छोटे पर्दे के एक्टर शालीन भनोट जल्द ही खतरों के खिलाड़ी 14 में दिखाई देने वाले हैं। इन दिनों वह रोमानिया में इसकी शूटिंग कर रहे हैं। वहां से कुछ दिन पहले उनका एक वीडियो सामने आया था, जिसमें देखने को मिला कि उनका चेहरा सूजा हुआ है।

कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, ऐसा बताया गया कि शो में एक स्टंट करते समय शालीन भनोट को 200 से ज्यादा बिच्छुओं ने काट लिया था।

# Taste Atlas ने दिया Aamras को बेस्ट मैंगो डिश का खिताब, आप भी एक बार जरूर करें ट्राई



**कुछ लोगों के लिए गर्मियां यानी आम का सीजन। आम का स्वाद इतना लाजवाब होता है कि इसे खाने से कोई इनकार नहीं कर पाता। इसलिए अगर आप भी आम के फैन हैं तो आपके लिए एक खुशखबरी है। Taste Atlas के जून 2024 के लिस्ट में 10 बेस्ट मैंगो डिशेज में भारत की दो डिशेज ने अपनी जगह बनाई है।**

**नई दिल्ली।** आम को फलों का राजा कहा जाता है। गर्मियों के मौसम की शुरुआत के साथ ही, लोग बेसब्री से आम का इंतजार करने लगते हैं। मीठे और रसीले आम की खुशबू भी इतनी लुभावनी होती है कि हर किसी के मुंह में पानी आ जाता है। इतना ही नहीं, मीठे पके आम के अलावा, कच्चे आम को भी खाना लोग खूब पसंद करते हैं। इनसे कई व्यंजन भी बनाए जाते हैं, जो इतने लजीज होते हैं कि इन्हें खाकर लोग अपनी उंगलियां तक चाट जाते हैं। आम से बनी एक बेहद स्वादिष्ट डिश, जो महाराष्ट्र और गुजरात के क्षेत्रों में खूब प्रसिद्ध है, के जून 2024 के टॉप 10 मैंगो डिशेज में पहले स्थान पर है। इससे भारत की यह डिश को विश्व स्तर पर खूब तारीफ बटोर रही है। हम बात कर रहे हैं आमरस की। आमरस पके हुए आम से बनाई जाने वाली एक बेहद स्वादिष्ट डिश है, जिसे ज्यादातर पूड़ी के साथ खाया जाता है। इसे वैसे तो ज्यादातर महाराष्ट्र में बनाया जाता है, लेकिन आप भी अगर चाहें, तो इसे आसानी से बना सकते हैं।

**कैसे बनाएं आमरस?**

आमरस बनाने के लिए खूब पका हुए कुछ आम ले लें और उन्पाहनी में भिगोकर रख दें। कुछ घंटों बाद इसे पानी से निकालकर इसका पल्प निकाल लें। पल्प आसानी से निकल जाए, इससे ज्यादा पका हुआ आम लें। इसे निचोड़ना काफी आसान होता है। इसके बाद अगर आप इसे और मीठा बनाना चाहते हैं, तो इसमें थोड़ी-सी चीनी मिला सकते हैं। चीनी अचछे से मिल जाए, इसके बाद इलायची पाउडर डालें और ऊपर से केसर के कुछ धागों से सजाएं। आप इसे कुछ देर के लिए फ्रिज में रख सकते हैं, ताकि यह ठंडा हो जाए। इसके बाद पूड़ियों के साथ सर्व कर सकते हैं।

इस डिश ने भी बनाई लिस्ट में जगह

आमरस के अलावा, भारत से आम की चटनी ने भी इस लिस्ट में जगह बनाई है। आम की चटनी इस सूची में पांचवें स्थान पर है।

आम की चटनी कई लोग चटकारा लेकर खाते हैं। इसका खट्टा-मीठा स्वाद बाकी चटनियों से काफी अलग होता है और इससे बोरिंग खाने का स्वाद भी दोगुणा बढ़ जाता है। इसलिए अगर आने ये दोनों डिशेज अभी तक ट्राई नहीं की हैं, तो एक बार तो जरूर खाकर देखें।

**इन डिशेज को मिला दूसरा और तीसरा स्थान**

आम से बनी और भी टेस्टी डिशेज ने इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। लेकिन भारत से सिर्फ यही दो डिशेज हैं। आम से बनी स्टिकी मैंगो राइस, जो थाईलैंड की डिश है, ने दूसरा स्थान हासिल किया है और फिलिपिन्स की शोरबेट तीसरे स्थान पर है।

# दलजीत कौर को मिली राहत सामान घर से नहीं निकाल पाएंगे पति, कोर्ट ने लगाया स्टे



**टीवी एक्ट्रेस दलजीत कौर ने पिछले साल केन्या के रहने वाले भारतीय बिजनेसमैन निखिल पटेल से दूसरी शादी की थी। शादी ज्यादा दिनों तक चल नहीं पाई और दोनों 8 महीने बाद ही अलग हो गए। दलजीत इंडिया वापस चली गईं। इसके बाद उनके पति ने उन्हें लीगल नोटिस भेजा था। हालांकि इस पर कोर्ट ने स्टे लगा दिया है।**

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस दलजीत कौर इन दिनों अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। दलजीत ने साल 2023 में केन्या के बिजनेसमैन निखिल पटेल से शादी की थी। शादी के बाद वो पति के साथ ही केन्या शिफ्ट हो गईं। लेकिन ये रिश्ता ज्यादा चल नहीं पाया और 8 महीने के अंदर की उन्हें पति को छोड़ इंडिा वापस आना पड़ा। एक्ट्रेस ने पति पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर होने का आरोप लगाया।

पिछले दिनों केन्या पहुंची थीं दलजीत इसके बाद निखिल पटेल ने एक बयान में इन सभी आरोपों को गलत बताया। अभी कुछ समय पहले ही उन्होंने दलजीत को नोटिस भेजा था कि वो अपना सारा सामान केन्या से ले जाएं,नहीं तो वह उसे दान में दे देंगे। इस बीच दलजीत को अपनी सहेलियों के साथ केन्या में स्पॉट किया गया।

**कोर्ट ने लगाया स्टे**

अब खबर आ रही है कि दलजीत कौर को अपने पूर्व पति निखिल पटेल के खिलाफ केन्या की नैरोबी सिटी कोर्ट से स्टे ऑर्डर मिला है। रिपोर्ट्स के अनुसार,अदालत के दस्तावेजों से पता चला है कि यह आदेश निखिल पटेल को दलजीत और उनके बच्चे को केन्या में उनके वैवाहिक घर से बेदखल करने से रोकने के लिए जारी किया गया है।

**कब है अगली सुनवाई**

कोर्ट का ये ऑर्डर दलजीत और निखिल के बीच चल रही अनबन और कानूनी लड़ाई के बीच आया है। हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक,केन्या के नैरोबी शहर की मिलिमनी कोर्ट से दलजीत कौर को स्टे ऑर्डर मिला है। स्टे के अनुसार पति निखिल पटेल उनके किसी भी सामान को नहीं फेंक सकते और ना ही वह उनके सामान को दान कर सकते है। इसके अलावा वो दलजीत के बेटे जेडन को भी बेदखल नहीं कर सकते हैं। अगली सुनवाई 28 जून को होगी। बता दें कि दलजीत ने निखिल से पहले साल 2009 में शालीन भनोट से शादी की थी। इसके बाद दोनों 2015 में अलग हो गए। इस शादी से दोनों के एक बेटा है जिसका नाम जेडन है। वहीं दलजीत की तरह निखिल की भी ये दूसरी शादी है। निखिल शादीशुदा हैं और दो बेटियों के पिता हैं।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 70664886

# जावद पुलिस को मिली सफलता, 02 आरोपी गिरफ्तार,लूट की राशि 3 लाख सहित मोटर सायकल एवं मोबाईल जप्त

**एक माह पूर्व जमानत पर रिहा होकर आए आरोपियों ने लूट की घटना को दिया अंजाम**



**नीमच।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुश्री वैशाली सिंह के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी जावद निरीक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 10.06.24 को फरियादी नाथूलाल पिता नंदाजी धनगर उम्र 51 साल नि0 मोडी के साथ जावद में हुई लूट की घटना का ऑपरेशन नीमच आई के तहत लगाये गये सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से खुलासा कर 02 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुवे लूट की रकम रूपयें 03 लाख एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं मोबाईल बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है।

जानकारी के अनुसार फरियादी नाथूलाल पिता नंदाजी धनगर उम्र 51 साल नि0 मोडी थाना जावद अपनी मो.सा से दिनांक 10.06.2024 को दोपहर 12.00 बजे केसीसी के साढे तीन लाख रूपये जमा कराने स्टेट बैंक जावद आया था। जो केसीसी जमा करने वाले अधिकारी ने एक माह बाद रूपये जमा कराने का बोलने पर फरियादी वापस रूपये लेकर जा रहा था ओर गांधी चौक जावद से आगे चौपडा मिल के सामने पहुंचा जहाँ एक काले रंग की मो.सा. पर दो अज्ञात व्यक्तियो ने फरियादी की मो.सा. के हेण्डल में टंगी रूपयो से भरी साढे तीन लाख रूपयो की थैली छीन कर रामपुरा दरवाजा जावद तरफ भाग गयें। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना प्रभारी जावद द्वारा तत्काल अपराध क्रमांक 268/24 धारा 392 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा दिन दहाडें हुई लूट की घटना को गंभीरता से लिया जाकर थाना प्रभारी जावद को लूट की घटना के संबंध में पुलिस टीम को लगाने एवं घटना का शीघ्र खुलासा करने संबंधी निर्देश दिये गये ।

एसपी जायसवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में तत्काल आरोपीगणो की पतारसी हेतु अलग अलग टीमें रवाना की गई।

आरोपीगणों की पहचान हेतु पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा चलाये गये ऑपरेशन नीमच आई के तहत कस्बा जावद में लगवाये सीसीटीव्ही कैमरो की मदद से संदिग्धो की पहचान एवं मो.सा. के नम्बर ज्ञात कर आरोपीगणो की पतारसी हेतु टीम लगातार सायबर सेल एवं मुखबीर सूचना पर राजस्थान के कई जिलो में आरोपीगणो के छुपने के समस्त संभावित स्थानो पर लगातार पतारसी एवं दबिश देकर आरोपी सद्दाम हुसैन पिता इस्माईल खांन निवासी थाना छोटी सादडी जिला प्रतापगढ (राज.), सोनू उर्फ इस्तयाक पिता रफीक मोहम्मद शेख निवासी थाना छोटी सादडी जिला प्रतापगढ (राज.) को पकडा एवं पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर लूट करना स्वीकार किया।

आरोपी सद्दाम हुसैन व सोनू उर्फ इस्तयाक शेख से नगदी तीन लाख रूपयें व घटना में उपयोग की गई मो. सा. आरजे-35-एसक्यू-2455, मोबाईल फोन तथा घटना के वक्त पहने हुये कपडे बरामद किये गयें। उक्त गिरफ्तार शुदा आरोपीगण राजस्थान के कई जिलो में लूट की वारदात कर चुके है एवं फरार होकर वांछित है, आरोपीगणो का आपराधिक रिकार्ड प्राप्त कर संपूर्ण जगह पर सूचना प्रेषित की गई है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जावद निरीक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा एवं उनकी टीम प्रआर. राघवेन्द्र सिंह, प्रआर. गिर्राज प्रसाद, प्रआर रवि पाण्डेय, प्रआर. रघुनाथ सिंह प्रआर. रामधनी यादव, प्रआर. सुरेश पाटीदार आर. वीरेन्द्र सिंह, आर. मनीष पुनिया, आर. दिलीप चन्द्रवशी, आर. अरूण राठौर, आर. कमल धनगर, आर. रविन्द्र पाटीदार, आर. सुनील, आर. चालक धीरज नरवाल, आर. कपिल शर्मा, मआर, मोनिका, मआर. अंतिम कुवंर, आर. तेजसिंह, आर. छतरसिंह, आर.धर्मेन्द्र तथा सायबर सेल नीमच से प्रआर. प्रदीप शिंदे, आर.कुलदीप, आर.लखन प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ब्रेजा कार से 91 किलो अवैध डोडाचूरा के साथ एक आरोपी व स्विफ्ट कार से पायलेटिंग करते दो अन्य गिरफ्तार




**डीएसटी की अवैध मादक पदार्थो के खिलाफ कार्यवाही**

**चित्तौड़गढ़ ।** जिला विशेष टीम व बेंगू थाना पुलिस ने बेंगू थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान अवैध मादक पदार्थों के ख़िलाफ़ कार्यवाही करते हुए कुल 91.200 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा सहित ब्रेजा कार को जब्त कर एक आरोपी सहित स्विफ्ट कार से पायलेटिंग करते दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है ।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थो की धरपकड़ कर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु समस्त थानाधिकारियों व जिला विशेष टीम को विशेष दिशा-निर्देश दिये गये है 7 इसी क्रम में जिला विशेष टीम को सूचना मिली कि बेंगू थाना क्षेत्र में ठुकराई से श्रीनगर, भंवरकिया तरफ जाने वाली ब्रेजा कार में अवैध डोडा चूरा का परिवहन किया जा रहा है जिसकी पायलेटिंग एक स्विफ्ट कार कर रही है। जिला विशेष टीम ने तत्काल इस सूचना से बेंगू थाना पुलिस को अवगत कराया जिस पर थाने से हमेर लाल उपनिरीक्षक ने जाप्ते सहित श्रीनगर गांव में भंवरकिया की तरफ जाने वाले रास्ते पर पहुंच नाकाबंदी की नाकाबंदी के दौरान डीएसटी की सूचना के मुताबिक़ श्रीनगर तिराहे काटून्दा मोड़ से रावतभाटा जाने वाले रोड की तरफ से आती हुई एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार दिखाई दी

जिसमें दो व्यक्ति सवार थे पुलिस टीम ने दोनों व्यक्तियों को कार से उतार कर उनके नाम पते पूछे तो दोनों घबरा गये तथा बार-बार पीछे की तरफ देखने लगे तभी श्रीनगर तिराहे से एक ब्रेजा कार तेज़ गति से आती हुई दिखाई दी।

जिसमें भी दो व्यक्ति सवार थे कार चालक ने नाकाबंदी तोड़कर गाड़ी को तेज गति से भगाकर ले जाने का प्रयास किया किंतु कार एक मकान के आगे बनी चबूतरी से टक्करा कर रुक गई , जिसका चालक मौके से फरार हो गया जिसकी पुलिस टीम ने काफी तलाश की किंतु चालक भागने में सफल रहा पुलिस ने चालक के साथी को बड़ी मुश्किल से पकडा पुलिस ने नियमानुसार दोनों गाड़ियों की तलाशी ली तो स्विफ्ट कार में कोई अवैधानिक वस्तु नहीं मिली तथा ब्रेजा की तलाशी ली तो पीछे की सीट व डिग्गी में 4 कट्टों में भरा हुआ 91.200 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा मिला पुलिस ने नियमानुसार अवैध डोडाचूरा व दोनों कारों को जब्त कर ब्रेजा कार के चालक के साथी अजमेर जिले के मदनगंज थाने के राजारेडी निवासी चेतन लाल पुत्र जीवन लाल जाट उम्र 32 को गिरफ्तार किया तथा भागने वाले आरोपी चालक डूंगरमल उर्फ भरत रेबारी को नामजद कर लिया है साथ ही स्विफ्ट कार से पायलेटिंग करने वाले चालक अजमेर जिले के किशनगढ़ निवासी जयकुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार लखारा उम्र 33 साल व उसके साथी अजमेर जिले के अराई निवासी सत्यनारायण पुत्र रामरतन जाट उम्र 22 को भी गिरफ्तार कर लिया है

पुलिस थाना बेंगू पर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

**उक्त कार्यवाही में निम्न टीम का योगदान रहा-**

**डीएसटी**

प्रभारी गोरधन सिंह पुलिस निरीक्षक, कांस्टेबल चन्द्र करण सिंह, अजय, दुर्गा राम व दिनेश **पुलिस थाना बेंगू**
हमेर लाल उपनिरीक्षक, हरिकृष्ण ,रतन सिंह, धर्मेंद्र, राधेश्याम, दीपक व अरुण।

### शुभ प्रभात योग मित्र मण्डल द्वारा विश्व योग दिवस 21 जून को रोग मुक्त आसन प्रशिक्षण शिविर

**नीमच।** अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के पावन उपलक्ष्य में स्वास्थ्य एवं योग के प्रति जागृति के उद्देश्य से 21 जून को सुबह 6 बजे गांधी वाटिका स्थित शुभ प्रभात योग मित्र मंडल योग मैदान पर विगत 25 वर्षों से निरंतर योग प्रशिक्षण संचालित संस्था शुभ प्रभात योग मित्र मंडल के तत्वावधान में नगर के सभी समाज व वर्गों के नागरिकों महिलाओं पुरुषों बच्चों को विभिन्न रोगों से मुक्ति व बचाव उपचार के लिए।

योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शुभ प्रभात योग मित्र मंडल के योग गुरु दिलीप चौधरी व शिव माहेश्वरी ने संयुक्त रूप से बताया कि अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के पावन उपलक्ष्य में लोगों को विभिन्न रोगों से बचाव के लिए सूर्य नमस्कार, अर्ध चंद्रासन मंडूकासन, सलभासन, शशांक आसन, पवनमुक्त आसन, सिंहासन, हास्यासन सहित विभिन्न योगासन की तकनीक का प्रशिक्षण नि-शुल्क प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा बचाव के लिए योग महत्व के वर्तमान परिपेक्ष्य में महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा।

शरीर को निरोगी रखने वाले स्वल्पाहार का नि:शुल्क वितरण भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शुभ प्रभात योग मित्र मंडल विगत 25 वर्षों से प्रतिदिन सुबह 6बजे गांधी वाटिका में नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का संचालन कर रहा है।

जिसका लाभ समाज के विभिन्न वर्ग के 100 से अधिक लोग विभिन्न रोगों से मुक्ति के लिए योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं ।

# नीमच की तैराकी टीम ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 85 मेडल जीते

**कलेक्टर श्री जैन ने तैराकों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया**



**नीमच।** म.प्र तैराकी संघ द्वारा 9 से 12 जून तक ग्वालियर में म.प्र राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में नीमच जिले के 29 खिलाड़ियों एवं दो कोच ने भाग लियाऔर विभिन्न प्रतियोगिताओं में नीमच जिले की टीम ने 85 मेडल, चार नये स्टेट रिकार्ड के साथ हांसिल किए।

नीमच स्वीमिंग फ्लाई स्पोर्ट क्लब नीमच की इस टीम के सभी तैराकों और कोच ने टीम मार्गदर्शक डॉ.मनीष चमडिया, मेंटर कोच प्रभुभाई मूलचंदानी, टीम मोटीवेटर श्री राकेश कोठारी के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी 29 खिलाडियों के साथ कलेक्टर श्री दिनेश जैन से भेंट की। सोमवार को कलेक्टोरेट नीमच में आयोजित सादे समारोह में कलेक्टर दिनेश जैन ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर मेडल हांसिल करने वाले सभी खिलाडियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर एवं मेडल पहना कर, स्वागत किया और तैराकी में नीमच जिले के साथ ही प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने के लिए अग्रिम शुभकामनांए दी।

कलेक्टर श्री जैन ने कोचश्री नीलेश घावरी, श्री आयुष गौड, श्री अभिषेक अहीर,श्री रोहित अहीर एवं सुश्री सुधा सोलंकी से परिचय प्राप्त कर उन्हें भी शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने अपने उदबोधन में कहा कि नीमच के तैराकों ने स्वीमिंग में नीमच जिले का नाम रोशन किया है, वे अपनी स्वीमिंग प्रतिभा को निरंतर बनाए रखे। तैराकी खिलाडियों की सफलता में अभिभावकों और कोच का भी बहुत योगदान है। कलेक्टर ने कहा कि नीमच में स्वीमिंग का अच्छा अवसर है, स्वीमिंग पुल है। मनासा में भी जल्दी ही स्वीमिंग पुल प्रारंभ हो रहा है।

उन्होने कहा कि स्वीमिंग से फिजिकली फिट रहते है। कलेक्टर ने सभी खिलाडियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी म.प्र. व देश का नाम रोशन करने की अपेक्षा की है।

# कृति संस्था निकालेगी चंबल के पानी के लिए रैली 22 जून को

**नीमच।** की अग्रणीय साहित्यिक सांस्कृतिक सामाजिक संस्था कृति विगत 15 वर्षों से चंबल का पानी नीमच जिले को मिले इसके लिए सतत आवाज उठाती चली आई है, कृति के इस अभियान से प्रेरित होकर भीलवाड़ा के जनप्रतिनिधियों ने चंबल के पानी के लिए प्रयास किया और वहां पानी की समस्या का स्थाई निदान हो गया, भीलवाड़ा को चंबल का पानी विगत कई वर्षों से मिलने लगा है वहां न केवल पेयजल बल्कि उद्योगों के लिए भी पानी मिल रहा है ।पानी की समस्या से भीलवाड़ा से उठने लगे उद्योग न केवल रुके, बल्कि नए उद्योग भी लगने लगे हैं । मंदसौर में भी चंबल का पानी मिलने लगा है ।

कृति के अध्यक्ष बाबूलाल गौड़ सचिव महेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि केंद्र सरकार की नल जल योजना के तहत नीमच मंदसौर जिले के गांवों को पेयजल और सिंचाई के लिए चंबल के पानी की योजना स्वीकृत हुई है, गांव में पाइप डालने का काम भी शुरू हो गया है, मगर इस योजना में नीमच शहर व नीमच जिले के अन्य नगरी क्षेत्र शामिल नहीं है, इस कारण शहर की पेयजल समस्या जहां की तरह खड़ी है ।इस वर्ष भी कम वर्षा होने के कारण पेयजल के लिए त्राहि त्राहि मची हुई है ।अच्छी वर्षा होने पर हो सकता है हमें इतनी विकट समस्या का सामना नहीं करना पड़े, परंतु यह स्थिति फिर कभी भी आ सकती है बिगड़ते पर्यावरण में यह समस्या बार-बार भी आ सकती है । इसका समस्या का स्थाई निदान केवल और केवल चंबल का पानी ही है ।

इस हेतु नीमच की अग्रणीय संस्था कृति दिनांक 22 जून 2024 शनिवार को शाम 5.00 बजे एक विशाल रैली निकालेगी । कृति संस्था के अध्यक्ष बाबूलाल गौड़ सचिव महेंद्र त्रिवेदी ने इसमें शहर की सामाजिक संस्थाओं व आम नागरिकों से भी भाग लेने की अपील की है।

इस हेतु सामाजिक संस्थाओं व आम नागरिकों से भी कृति के सदस्यों द्वारा संपर्क किया जा रहा है कि वह भी जल समस्या के स्थाई निदान के प्रयास में किया जा रहे इस प्रयास में अवश्य सम्मिलित हो। याद रखिए जो आवाज उठाता है हल उसी को मिलता है । कृति के प्रचार सचिव कृष्णा शर्मा ने कहा है कि आइए नीमच की पेयजल समस्या के निदान के स्थाई समाधान के लिए आवाज उठाने में आप भी शामिल हों ।

# पितु दिवस के अवसर पर कल्याण कमलमय समर्थक समिति ने नेत्रहीन से कराया वृक्षारोपण





**नीमच।** माता शबरी के आशीर्वाद के साथ निरंतर वृक्षारोपण का कार्यक्रम कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वालिंटियर भाजपा) की टीम द्वारा जारी है जिसके चलते ग्राम बाग पिपलिया पंचायत में माताजी के मंदिर परिसर पर पितु दिवस के अवसर पर गांव के वरिष्ठ एवं पिता तुल्य नागरिकों को केसरिया दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया जाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर 65 वर्षीय नेत्रहीन देवीलाल खोकरिया द्वारा वृक्षारोपण किया गया समिति द्वारा सम्मानित होने पर ग्रामीण जनों ने समिति की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह आपके द्वारा हमें सम्मानित किया गया है उसी तरह हम भी समिति द्वारा किए गए वृक्षारोपण की देखे रेख एक बच्चे की तरह करते हुए इन पौधों को एक विशाल रूप प्रदान करने का प्रयत्न करेंगे इस मौके पर समिति द्वारा नीम और सीताफल के पौधे लगाए गए साथ ही ग्रामीण जनों को वर्षा ऋतु तक एक-एक पौधा लगाने का संकल्प दिलाया गया इसी क्रम में समिति के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर जायसवार ने बताया कि हमारी टीम निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर धार्मिक स्थलों व शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय बाग - बगीचों में वृक्षारोपण के कार्यक्रम को निरंतर जारी रखते हुए आमजन को वृक्षा रोपण से उत्पन्न होने वाले फायदे की जानकारी से अवगत करा ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने के लिए जागरूक करने का प्रयत्न करेंगे । उक्त मौके पर कल्याण कमलमय समर्थक समिति (नेशनल वालिंटियर भाजपा)के राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर जायसवार, जिला अध्यक्ष दुर्गा शंकर दंशाना (पार्षद वार्ड नंबर 08), जिला महामंत्री समरथ राठौर, उपाध्यक्ष जगदीश बकरावत, तहसील अध्यक्ष राकेश खोकरिया, समाज सेवी चंद्रप्रकाश (मोमू)लालवानी, नेत्रहीन देवीलाल खोकरिया, लाल परिहार, कैलाश परिहार, रोहित, सुनील, जयराम आदि उपस्थित रहे।

### नियम विरूद्ध निर्माण, बढ़ रहा अतिक्रमण

**नीमच।** नीमच शहर में जहां बंगला बगीचा की जमीन के अतिक्रमण का कोई अभी तक निश्चित हल नहीं हो पाया है, वहीं नगर पालिका के अधिकारियों की अनदेखी के चलते शहर में एसओएस का उल्लंघन कर धड़ल्ले से भवनों का निर्माण हो रहा है। जिससे वेंटीलेशन तक के लिए भवन निर्माण के दौरान कई लोग जगह नहीं छोड़ रहे है। एक-दूसरे सट के मकान का निर्माण कर रहे है, वहीं घरों के पीछे निकलने वाली नालियों पर कब्जा किया जा रहा है। पत्रिका टीम ने शहर के कुछ कॉलोनी की जांच की तो यह सामने आया है कि अधिकांश कॉलोनी में खासकर टीचर कॉलोनी, विकास नगर, हुडको कॉलोनी, मूलचंद मार्ग, नीमच सिटी में अगर आप भवन निर्माण देखेंगे तो मानों अतिक्रमण करने की होड चल रही है। किसी ने एक फीट तो किसी ने दो फीट किसी ने नाली बंद करके ही भवन निर्माण कर लिया है। वहीं एक-दूसरे सटकर मकान निर्माण कर लिया है एमओएस के नियमों की तो परवाह हीं नहीं है। वहीं कई ने पानी की टंकी लगाकर तो कही ने पीछे टॉयलेट बाथरूम बनाकर नाली को बंद कर दिया है। जिससे बारिश के दिनों में सफाई कर्मचारियों को सफाई करना चुनौती भरा साबित हो रहा है।

# नागदा मेनारिया समाज की बैठक संपन्न, सामाजिक कुरीतियों में सुधार का लिया संकल्प




**नीमच।** नागदा मेनारिया समाज की अति आवश्यक बैठक बोरखेड़ी स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर के प्रांगण में समाज के वरिष्ठ डम्बर लाल नागदा, मोहनलाल नागदा, लक्ष्मी नारायण नागदा ,अंबालाल नागदा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर दीपक प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक 4 घंटे तक मैराथन बैठक चली जिसमें उपस्थित प्रत्येक समाज जन ने समाज विकास के लिए अपने विचार सुझाव के रूप में प्रस्तुत किये। मांगीलाल नागदा, राधेश्याम नागदा बोरखेड़ी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश नागदा ,सरपंच देवकिशन नागदा बोरखेड़ी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।बैठक में उपस्थित समाज जनों ने समाज विकास से संबंधित सामाजिक कुरितियों में आवश्यक सुधार के लिए संकल्प भी लिया। बैठक में समाज के 10 युवक -युवतियों को उद्योगों में रोजगार देने वाले समाज जन का विशेष रूप से सम्मान करने, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले समाज जन को सम्मान करने, सामाजिक एकता के लिए कार्य करने वाले का सम्मान करने का प्रस्ताव पारीत किया गया। प्रत्येक ग्राम स्तर तक सामाजिक इकाई का गठन करने का निर्णय भी लिया गया। समाज विकास के लिए रक्तदान शिविर आयोजन पर भी विचार विमर्श किया गया। श्रम एवं धन की बचत के उद्देश्य से समाज में विवाह योग्य युवक - युवती परिचय सम्मेलन व सामुहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन करने , मृत्यु भोज सीमित करने, मौसारा भांत बहन बेटी की विदाई बधाई उपहार सामग्री वितरण पर प्रतिबंध लगाने, विवाह आदि में बर्तन उपहार के स्थान पर नगद राशि प्रदान करने, विभिन्न विषयों को लागू करने के विचार विमर्श कर संकल्प का निर्णय लिया गया।समाज विकास के लिए पति-पत्नी एवं पारिवारिक विवादों की समस्या के समाधान के लिए सामाजिक स्तर पर परिवार परामर्श केंद्र की इकाई संचालित करने का निर्णय लिया गया।समाज स्तर पर समाज के 1000 युवाओं युवक-युवतियों को समाज संगठन द्वारा रोजगार प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य भी तय किया गया। बैठक में युवाओं को स्क्रीन डेवलपमेंट रोजगार के विषय में विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्णय भी पारित किया गया। विवाह पूर्व वीडियो प्री वेडिंग पर प्रतिबंध लगाने पर भी विचार विमर्श किया गया।सामाजिक और शैक्षणिक प्रतिभाओं के सम्मान का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन नागेश जोशी ने किया तथा आभार राजवीर नागदा ने व्यक्त किया। वरिष्ठ समाज जनों की सहमति से नागदा मेनारिया ब्राह्मण समाज विकास समिति पंजीकृत नीमच की नवीन कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। जिसमें संरक्षक मोहनलाल नागदा, जगदीश नागदा, लक्ष्मी नारायण नागदा, डम्बर लाल नागदा, प्रभु लाल नागदा, राम प्रसाद नागदा,अध्यक्ष बाबु लाल नागदा , उपाध्यक्ष शक्ति सिंह भारद्वाज, मोहनलाल नागदा आंत्री माता, दयाशंकर मोरका जावद, सचिव प्रमोद पुरोहित,सह सचिव जगदीश नागदा, अशोक नागदा काना खेड़ा, राहुल नागदा मनासा,कोषाध्यक्ष नागेश जोशी मनासा, को निर्वाचित किया गया।

# विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका - सुधीर गुप्ता


**दलौदा और मंदसौर ग्रामीण मंडल में आयोजित हुआ कार्यकर्ता आभार सम्मेलन**



**मंदसौर।** लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत पर दलौदा एवं मंदसौर ग्रामीण मंडल में कार्यकर्ता आभार सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में सांसद सुधीर गुप्ता ने जीत का पूरा श्रेय सभी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों को देते हुए उपस्थित सभी के प्रति हृदय से आभार जताया। सांसद गुप्ता ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ही नही बल्कि सबसे बड़ा परिवार है। एक परिवार के सदस्य के रूप में सभी कार्यकर्ताओं ने अपना दायित्व पूरी निष्ठा, सेवा, समर्पण भाव से निभाया। उन्होने कहा कि भाजपा पदाधिकारियों के नेतृत्व में जिस प्रकार से दो माह में जो काफी लंबा अंतराल था उसमें सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मेहनत की पराकाष्ठा कर क्षेत्र में ऐतिहासिक रिकार्ड मतों से जीत कराई। यही नहीं प्रदेश की सभी सीटों पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तिसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। नरेन्द्र मोदी जी विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए जी जान से जुटे है और इसी विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है।

उन्होने कहा कि जनता और आपने जो विश्वास मुझ पर जताया है आने वाले सालों में पूरी निष्ठा के साथ पूर्ण करूंगा और क्षेत्र के विकास के लिए, युवाओं, किसान, महिलाओं के लिए जो भी कार्य योजनाएं होगी उन्है पूर्ण करने का प्रयास करूंगा।

इस अवसर पर पुर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह सुराना, विधानसभा संयोजक शिवराजसिंह राणा, प्रभारी जगदीश परमार, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक विजय सुराना, वरिष्ठ नेता भोपालसिंह धारियाखेड़ी, निहालचंद मालवीय, भाजपा जिला मंत्री नरेंद्र पाटीदार, मंडल अध्यक्षगण विकास सुराना, ईश्वरसिंह पंवार सहित सभी पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: ऐश्वर्य शर्मा (संपादक)- 9407423966, राधवेन्द्र शर्मा (प्रबंधक)- 9301678930। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।